## खबर संक्षेप



### दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ योग शिविर का शुभारंभ

**कटनी।** 25 दिवसीय सह योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ गुरूवार को सेक्रेट हार्ट स्कूल बस स्टैंड में किया गया। योग शिविर में पंतजलि योग समिति के अध्यक्ष अभिलाष सिंह गौतम, युवा भारत सह प्रभारी लखन साहू, मंहामंत्री सवित्री तिवारी, कुसकेत सिंह, विवेक परौहा,रमापति चौबे उपस्थित रहे। अध्यक्ष ने आमजनों से योग शिविर में उपस्थिति की अपील करते हुए कहा कि योग से शारीरिक व मानसिक विकास होता है, जीवन अमूल्य है इसे निरोग रखने हेतु नित्य योग करने की आवश्यकता है। आमजन शिविर में पहुंचकर योग कर लाभ उठा सकते है। योग शिविर का आयोजन 25 दिनों तक किया जावेगा।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान



**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने ग्राम कूड़ा मरदानगढ़ में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन विभाग द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए । यहा कलेक्टर ने पीपल के पौधे का रोपण किया । विभिन्न प्रजातियों के इस परिसर में 100 पौधो का रोपण किया गया है । पौधो की सुरक्षा के लिए कटीले तारो की फेंसिंग की गई है । पौधारोपण के इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे ।

### कलेक्टर ने किया नर्सरी का अवलोकन

कटनी। कलेक्टर अवि प्रसाद ने बहोरीबंद के ग्राम खम्हरिया में परिधि स्वसहायता समूह द्वारा संचालित नर्सरी में तैयार किए गए पौधो का अवलोकन किया । समूह की अध्यक्ष कल्पनाबाई लोधी और सचिव संगीताबाई लोधी ने कलेक्टर को बताया की नर्सरी में वर्तमान में 17 हजार पौधे तैयार किए जा रहे है । उन्हें आस-पास की ग्राम पंचायतों से पौधे खरीदने का ऑर्डर भी मिल चुका है । इससे हमारे समूह की आमदनी बढ़ेगी। भ्रमण के दौरान एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया, गौरव पांडेय, अभिषेक कुमार, अदित्य द्विवेदी, शारदा सिंह आदि मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने दिलाई 6 माह की बकाया मजदूरी

**कटनी।** अपनी मजदूरी का भुगतान पाने के संबंध में कलेक्ट्रेट कार्यालय में की गई शिकायत को संज्ञान में लेकर कलेक्टर अवि प्रसाद ने मजदूरों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उन्हें उनकी बकाया मजदूरी दिलाई। ग्राम पंचायत मोहनिया नीम के खाते की समस्या का भी कराया निराकरण किया गया। ग्राम जरवारी छैघरा निवासी राकेश कुमार पिता राम बहादुर एवं दो अन्य मजदूर द्वारा यूएसजे रिफेक्ट्री प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से बकाया मजदूरी की राशि का भुगतान संबंधी प्राप्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने श्रम पदाधिकारी को श्रमिकों का लंबित भुगतान दिलाए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर श्रम पदाधिकारी द्वारा उभय पक्षों के मध्य प्रयास कर समझौता की कार्यवाही कराई गई। साथ ही ठेकेदार से कंपनी से श्रमिक राकेश कुमार को 10 हजार रुपए बकाया राशि का भुगतान कराया गया। मजदूरी का भुगतान होने पर राकेश कुमार संतुष्टि जाहिर की गई है। जबकि दो अन्य मजदूर शिप्रा एवं मीनाबाई द्वारा स्वेच्छा से काम पर नहीं जाने तथा किसी भी प्रकार की मजदूरी बकाया नहीं होने के संबंध में लिखित में कथन दिया है।

### पीएम श्री स्कूल के लिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर ने ग्राम बाकल मे उप तहसील बाकल के पीछे खसरा नंबर 2636 के रकवा 2.98 हेक्टेयर मे से 1.60 हेक्टेयर भूमि का निरीक्षण कर इसे पीएम श्री स्कूल निर्माण हेतु भूमि आवंटित करने के निर्देश दिए।

### ड्रायवर की लापरवाही व जिद ने कई छात्रों की जान मुश्किल में डाला

# सागर पुलिया में चार फिट से ज्यादा जल भराव में बंद हो गई स्कूल बस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गुरूवार को शहर में हुई झमाझम तेज बारिश के चलते मंगल नगर, व सागर पुलिया में चार फिट से ज्यादा जलभराव हो गया था। इसी बीच सागर पुलिया में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां बच्चों से भरी मिनी बस के ड्रायवर ने भारी लापरवाही व अपनी जिद के चलते बस को जलभराव में उतार दिया, अधिक जलभराव होने के कारण बस बीच में ही बंद हो गई। इस नजारे को जिसने भी देखा वह हैरान रह गया, लोगों ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए वाहन चालक के प्रति भारी लापरवाही की बात कही। बस में फंसे बच्चों को पुलिस व राहगीरों ने पानी में उतर कर बच्चों को कंधें पर सवार कर किसी प्रकार उन्हें बाहर निकाला। बस बंद होने क़े कारण मिशन चौक से लेकर बरगवा चांडक चौक तक जाम घंटो लगा रहा।

बताया जाता है कि बारिश के बीच स्कूलों में छुट्टी का समय था, इसी बीच वेलवेदर स्कूल



के बस ड्रायवर ने अपनी जिद के चलते दर्जनों नौनिहालों की जान मुसीबत में डाल दी। वाहन चालक ने भारी लापरवाही बरतते हुए बच्चों से भरी बस सागर पुलिया में उतार दी, पुलिया में पानी अधिक होने के कारण बस बीच पुलिया में पहुंचते ही बंद हो गई। बस में बैठे बच्चे काफी हद तक डर गए, नौनिहाल बच्चों ने जोर जोर से आवाज निकालने लगे जिसके बाद वहां मौजूद पुलिस कर्मी व अन्य राहगीर पुलिया में उतरकर बच्चों को कंधे में लादकर उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया।

अभिभावकों द्वारा बच्चों को घर से स्कूल व स्कूल से घर पहुंचाने के लिए विश्वास के साथ स्कूल बस द्वारा बच्चों को भेजा जाता है लेकिन ऐसे बस चालकों की लापरवाही से बच्चों की जान पर खतरा बनना अभिभावकों के लिए चिंता का विषय है। स्कूल पहुंचाने वाले बस चालक तथा ऑटो व मैजिक वाहन चालकों द्वारा रोजाना तेज गति से वाहन चालाते हुए आसानी से देखा जा सकता है, कई स्थानों पर स्कूल वाहन चालकों की लापरवाही के चलते कई हादसे हो गए हैं वावजूद इसके स्कूल संचालकों द्वारा इस ओर कोई ठोस कार्रवाही न किए जाने से इनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। पुलिस विभाग द्वारा भी ऐसे स्कूल वाहन चालकों तथा स्कूल प्रबंधंन पर कोई जवाबदारी नहीं निभाई जा रही है। जिसका खामियाजा बच्चों तथा अभिभावकों को भुगतना पड़ सकता है। गुरूवार को भी स्कूल बस चालक पर लापरवाही बरतने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया।

**घंटों लगा रहा जाम**

स्कूल बस चालक की लापरवाही के कारण आम जनों को घंटों तक जाम की स्थति से जूझना पड़ा। स्कूल बस के पुलिया में फंस जाने के कारण बरगवां से लेकर चांडक चौक तक दोपहिया व चार पहिया वाहनों की कतारें लग गई।

# नदी किनारे नवजात शिशु का मिला शव, मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

- स्थानीय जनों ने दी पुलिस को जानकारी, बुधवार की रात का मामला, विवेचना जारी

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहन घाट के पास नदी किनारे बुधवार रात एक नवजात शिशु लावारिस हालत में मृत मिलने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की जानकारी लगते ही आसपास के क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। इसके पूर्व भी नवजात शिशुओं के मिलने के मामले सामने आए हैं।

बताया जाता है स्थानीय जनों ने नवजात शिशु के पड़े होने की जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नवजात शिशु के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहन घाट के पास नदी किनारे लावारिस हालत में एक नवजात शिशु के मिलने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस टीम को भेजा गया। पुलिस टीम ने लावारिस हालत में मृत मिले नवजात शिशु के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। इसके पूर्व भी कई बार नवजात शिशुओं का शव मिलने के मामले सामने आ चुके हैं, जहां कलयुगी मां अपना पाप छिपाने के लिए ऐसे कदम उठाती हैं।

### दिव्यांग महिला के ऊपर प्लास्टर गिरने से हुई चोटिल

# आईएचएसडीपी के भवन में ठेकेदार ने किया भारी भ्रष्टाचार, गिरने लगा छज्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आईएचएसडीपी योजनान्तर्गत निर्मित भवनों में हुए भारी भ्रष्टाचार की परतें उखड़ने लगी हैं। श्रीराम जानकी हनुमान वार्ड क्रमांक 18 में बने भवन का छज्जा गिरने से एक दिव्यांग महिला के घायल होने का मामला सामने आया है।

बताया जाता है कि मकान की छत का पूरा प्लास्टर का एक बड़ा हिस्सा उखड़कर नीचे आ गिरा,जिसके कारण यहां निवास करने वाली दिव्यांग महिला के हाथ में चोट आई हैं। इन आवासों को बने अभी कुछ ही साल हुए हैं इस प्रकार की घटना के बाद यहां हुए अंधाधुंध भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है।



जानकारी के मुताबिक महिला अपने घर के अंदर मौजूद थी तभी अचानक से भरभराकर प्लास्टर उखड़कर नीचे गिर गया। महिला के हाथ, पैर में मलबा गिरने से वह चोटिल हो गई। महिला का नाम कविता लालवानी बताया गया है। जो यहां अकेले ही किसी प्रकार अपना जीवन यापन कर रही है। घटना के बाद तत्काल उसका प्राथमिक उपचार कराया गया। इस सिलसिले में नेता प्रतिपक्ष रागिनी गुप्ता का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा जर्जर मकान बनाए है जिसके गिरने से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि आईएचएसडीपी योजनानतर्गत निर्मित समस्त भवनों में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। हर जगह कमजोर भवन बनाए गए हैं और कुछ ही वर्षों में जर्जर हो गए हैं। निर्माण के दौरान घटिया सामग्री का उपयोग करने और तकनीकी मापदंडों का ध्यान न रखे जाने के कारण ये कुछ ही समय में जवाब देने लगे हैं। इन आवासों में शासन द्वारा सड़क, नाली, बिजली, पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है जिससे लोग परेशान है।

# तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिक बालिका से दुष्कर्म के आरोपी बड़े पिता को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महिला थाना के अपराध क्र. 07/2023 विशेष सत्र प्रकरण एससी क्र. 09/2023 में विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट के द्वारा आरोपी को धारा 5 (एम) एवं 5 (एन) सहपठित धारा 6 पॉक्सो एक्ट में शेष जीवनकाल के लिये आजीवन कारावास एवं 2000-2000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

इस संबंध में मीडिया सेल प्रभारी सुरेन्द्र कुमार गर्ग ने बताया कि अभियोक्त्री आयु करीब 08 वर्ष 05 माह कक्षा तीसरी में पढती थी। 4 फरवरी 2023 के करीब शाम 4 बजे अभियोक्त्री की मां अपने मकान के छत पर गेंहू फटक रही थी, उसके घर के बगल में मेरे चचेरे जेठ का घर है, जो अपने आँगन में बैठकर रोटी खा रहा था। तब अभियोक्त्री छत से आरोपी से बोली कि वह भी रोटी खाने आ जाये, तो आरोपी बोला की आ जाओ, तब अभियोक्त्री नीचे उतर कर उनके घर चली गई। करीब डेढ घण्टे तक अभियोक्त्री घर वापस नहीं आई, तो अभियोक्त्री की मां उसे आवाज देने लगी, किंतु अभियोक्त्री कुछ नहीं बोली। तब अभियोक्त्री की मां अपने सास से बोली कि अभियोक्त्री आरोपी के घर में है, दोनों तरफ से दरवाजा बंद है।

तब अभियोक्त्री की दादी ने आवाज दी, तो अभियोक्त्री कुछ देर बाद आरोपी के घर से दरवाजा खोलकर निकली और उसके पीछे-पीछे आरोपी भी निकला, अभियोक्त्री ने उन्हें बताया कि बड़े पापा/आरोपी घर में ले जाकर उसके साथ गलत काम कर रहे थे।

अभियोक्त्री के मां की मौखिक रिपोर्ट पर से आरक्षी केन्द्र महिला थाना में आरोपी के विरुद्ध पंजीबद्ध किया गया। न्यायालय द्वारा अभियोक्त्री के बडे पिता आरोपी को उक्त अपराध के लिये दोषी पाते हुये एवं अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्क से सहमत होते हुये आरोपी को शेष प्राकृतिक जीवनकाल के लिये आजीवन कारावास एवं 2000-2000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# नाबालिक से छेड़छाड़ के मामले में तीन दिन से एफआईआर कराने भटक रहे परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थानांतर्गत एक ग्राम में नाबालिक के साथ हुए छेड़छाड़ के मामले में मामला दर्ज कराने नाबालिक के साथ परिजन तीन दिनो से चक्कर काट रहे हैं बावजूद इसके बड़वारा पुलिस द्वारा मामला दर्ज नहीं किया जा रहा है। मानवता को झकझोर देने वाली घटना के बाद पुलिस का यह रवैया काफी शर्मनाक साबित हो रहा है, जहां परिजन अपनी नाबालिक बेटी के साथ हुई बदसलूकी के बाद उसे न्याय दिलाने तीन दिनों से बड़वारा थाना के चक्कर काट रहे हैं।

पीड़ति परिजनों का कहना है कि 8 जुलाई की सुबह किशोरी निस्तार के



लिए गई थी, तभी गांव का एक युवक वहां पहुंच गया और किशोरी का मुंह बंद कर उसे उठाकर ले गया। बताया जाता है कि गांव के बाहर किशोरी को ले गया तथा युवक ने किशोरी के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। किशोरी की चीख पुकार सुनकर तीन युवक वहां पहुंचे, तब तक आरोपी युवक भाग गया। घटना के बाद किशोरी अपने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन किशोरी को लेकर बड़वारा थाने पहुचे पुलिस को जानकारी दी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। परिजन तीन दिन से थाने के चक्कर काट रहे लेकिन उनकी फरियाद सुनने वाली पुलिस उन्हें तीन दिनों से चक्कर लगवा रही है। पिछले करीब एक माह से देखा जा रहा है कि जिले भर के थानों में फरियादियों द्वारा मामला दर्ज कराने पर पुलिस आनाकारी कर उन्हें भटका रही है।

# पत्नी एवं बच्चों के नृशंस हत्यारे को तिहरा आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

न्यायालय तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के.एन. अहिरवार द्वारा थाना कुठला के अपराध क्रमांक 363/2016, जघन्य एवं सनसनी खेज चिन्हित सत्र प्रकरण क्रमांक 44/2017 में अपनी पत्नी एवं दो बच्चों की हत्या करने वाले आरोपी अरशद हुसैन कुरैशी को तीनों हत्याओं के लिये पृथक-पृथक धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 2000/-2000/- रूपये के अर्थदण्ड से एवं हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिये धारा 201 भादवि में 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000/- रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए मीडिया सेल प्रभारी सुरेन्द्र कुमार गर्ग ने बताया कि 5 अक्टूबर.2016 को गोली लगने की सूचना पर थाना कुठला का पुलिस बल अहमद नगर पहुंचा, जहां आरोपी अरशद के मकान के अंदर उसकी पत्नी शमा परवीन फर्श पर चित्त हालत में मरी पड़ी थी और कमरे में पलंग पर 12 वर्षीय पुत्री जिया कुरैशी मरी पड़ी थी। जिनके चेहरे से खून बह रहा था। 02 वर्ष का लडका अर्थ की गोली लगने के बाद भी सांस चल रही थी। जिसे इलाज हेतु अस्पताल भर्ती कराया गया था। जहां जीवन-मृत्यु से संघर्ष करते हुये घटना के लगभग 55 दिन बाद उसने भी दम तोड दिया।

मृतिका की पीएम रिपोर्ट में भी दो बुलेट चलने की पुष्टि हुई। पुलिस द्वारा गंभीरता से विवेचना करते हुये आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। अनुसंधान में यह तथ्य आया कि घरेलू विवाद एवं जायदाद के झगड़े के कारण आरोपी अरशद द्वारा 4 एवं 5 अक्टूबर 2016 की दरमियानी रात जब उसकी पत्नी शमा परवीन और पुत्री जिया कुरैशी एवं पुत्र अर्श कुरैशी गहरी नींद में सो रहे थे।तब आरोपी अरशद हुसैन कुरैशी द्वारा अपनी लाइसेंसी टेलीस्कोपिक रायफल से पत्नी शमा परवीन के माथे पर दो बार गोली चलाकर और पुत्री जिया कुरैशी तथा पुत्र अर्थ कुरैशी के माथे पर रायफल से गोली चलाकर उनकी हत्या कर दी गई। अपने द्वारा की गई हत्या को पत्नी शमा परवीन के द्वारा बच्चों की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिये साक्ष्य से छेडछाड की गई। आरोपी द्वारा घटना को योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम देते हुये साक्ष्यों को इस तरीके से गढ़ा था कि घटना आत्महत्या लगे किंतु विशेष लोक अभियोजक के तर्कों से सहमत होते हुये न्यायालय द्वारा आरोपी अरशद को अपनी पत्नी एवं दो बच्चों की हत्या एवं साक्ष्य विलोपन का दोषी पाया गया। न्यायालय उक्त अपराध के लिये आरोपी को तीनों हत्याओं के लिये पृथक- पृथक धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 2000/-2000/- रूपये के अर्थदण्ड से एवं हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिये धारा 201 भादवि में 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000/- रूपये का अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

### निर्माण कार्यो पर दिए आवश्यक निर्देश, बीएमओ को नोटिस जारी के निर्देश

# कलेक्टर ने रीठी व बहोरीबंद मे उपार्जन केन्द्र का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने गुरुवार को जिले के रीठी और बहोरीबंद क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहाँ ग्रीष्मकालीन मूंग व उड़द उपार्जन केन्द्र सहित पुस्तकालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण और जलजीवन मिशन के कार्यों के अतिरिक्त पौधारोपण के कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

**पूजा वेयरहाउस का निरीक्षण**

कलेक्टर ने पूजा वेयरहाउस में मूंग उपार्जन केन्द्र रीठी का निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जन केंद्र में उपलब्ध मूंग व उड़द के एफ.ए.क्यू निर्धारण हेतु एनालिसिस मशीन का निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जन केंद्र में पहुंचे ग्राम देवडोंगरा और ग्राम पौंसरा के किसानों से चर्चा की । देवडोंगरा के कृषक कालीचरण दुबे



15 क्विंटल मूंग और पौंसरा के रामनायरण पांडे 17 क्विंटल मूंग बिक्री हेतु उपार्जन केन्द्र पहुंचे थे। इस दौरान कलेक्टर ने खरीफ फसल के लिए उर्वरक मिलने के संबंध में भी किसानों से विस्तार में चर्चा की। इस दौरान रजनी सिंह चौहान, अमित तिवारी, चंदूलाल पनिका एवं आंकांक्षा चौरसिया मौजूद रहीं।

**देवगांव पुस्तकालय का निरीक्षण**

कलेक्टर ने शासकीय स्कूल देवगांव पहुंचकर यहां के पुस्तकालय का भी अवलोकन किया। उन्होंने यहां की उपलब्धता तथा व्यवस्थाओं की सराहना की। कलेक्टर ने यहां छात्रों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया मध्यान्ह भोजन में कढ़ी, चावल, सलाद, पापड़, पुलाव और पूड़ी परोसा गया था। कलेक्टर ने छात्रों से कहा की किसी भी प्रकार की दिक्कत हो तो मुझे बताएं। इस पर छात्रों ने कहा की उनके पास स्कूल से मिली पुस्तके उपलब्ध है एवं किसी भी प्रकार की दिक्कत नही है। कलेक्टर ने देवगांव स्कूल पहुंचकर यहां संचालित हो रही नर्सरी कक्षा पहुंचे। उन्होंने नर्सरी के छात्रों से टी.वी. चालू कराकर कार्टून देखा।

**बाउंड्रीवाल का निरीक्षण**

कलेक्टर ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका आवासीय छात्रावास बडगांव में 15.17 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित बाउंड्रीवाल का निरीक्षण किया। बाउंड्रीवाल को जिला खनिज प्रतिष्ठान मद और मनरेगा योजना की संयुक्त राशि से निर्मित किया गया है। उन्होंने छात्रावास में ही शुरू की गई पुस्तकालय के बाहर फ्लेक्स में पुस्तकालय में उपलब्ध सभी पुस्तकों की सूची का नाम प्रदर्शित करने पर कलेक्टर ने छात्रावास की वार्डन की सराहना की।

**बीएमओ को नोटिस जारी के निर्देश**

कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बडगांव आरोग्यम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र में प्रसूताओ की डिलिवरी आदि की समुचित व्यवस्था नहीं होने और स्वास्थ्य केन्द्र में बिजली व पानी की व्यवस्था नहीं होने पर कलेक्टर ने गहन नाराजगी व्यक्त की और उन्होंने विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मृगेन्द्र श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# आबकारी ने अवैध शराब जप्त कर किया मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

इन दिनों अवैध शराब की तस्करी जमकर की जा रही है। हर मोहल्ले में ठेकेदार के गुर्गो द्वारा अवैध शराब का भंडारण कर गली गली शराब बिकवाई जा रही है। मुखिबर की सूचना पर आबकारी विभाग द्वारा कैलवारा फाटक के पास संचालित हो रही अवैध पैकारी में कार्रवाई कर शराब जप्त की गई है।

जानकारी के मुताबिक स्टैंड चौकी अंर्तगत कैलवारा फाटक स्थित शिव मन्दिर के पास काफी समय से अवैध पैकारी का संचालन किया जा रहा था, जहां अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही थी, आबकारी विभाग ने मौके पर पहुँच कर जांच की। जहां से अवैध शराब जप्त का मामला दर्ज किया गया।

**खबर संक्षेप**

## एसडीएम ने किया आंगनबाड़ी का निरीक्षण



**विजयराघवगढ़।** अनुविभागीय अधिकारी महेश मंडलोई द्वारा गुरूवार को आंगनबाड़ी केंद्र हंतला 02 का निरीक्षण किया गया जहां आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्था, पंजिया,बच्चो की उपस्थिति चैक की गई। आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चो के साथ बैठ कर मध्यान भोजन का भी स्वाद लिए। उन्होंने बच्चो के साथ बैठकर उनसे कविताएं,पढ़ाई और भोजन की बाते की। जानकारी देते हुए परियोजना अधिकारी ने बताया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में गुणवत्ता पूर्ण भोजन दिया जाता है जिसकी मॉनिटरिंग पर्यवेक्षक द्वारा की जाती है जिस पर एस डी एम ने संतुष्टि जाहिर करते हुए और ध्यान देने और निगरानी रखने की बात कही। एस डी एम ने लगभग 30 बच्चो के साथ आंगनबाड़ी केंद्र में स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। सभी बच्चो को एस डी एम द्वारा गिफ्ट दिए साथ ही बच्चो को टॉफी भी दी गई। इस दौरान परियोजना अधिकारी संतोष कुमार अग्रवाल, जनपद सदस्य संतोष पटेल, सरपंच उत्तम दाहिया, पर्यवेक्षक मनोरमा श्रीवास्तव, किरण सराफ, संध्या शुक्ला, शिवम मिश्रा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गिरजा सोनी, ममता परौहा की उपस्थिति रही।

## बिजली समस्या पर 15 को करेंगे चक्काजाम

**कटनी।** विद्युत समस्याओं से परेशानी अब लोगों के लिए दिन ब दिन नासूर बनती जा रही है। ढ़ीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में व्याप्त विद्युत समस्याओं के निराकरण में विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। विभाग के उदासीन रवैए से जनपद सदस्य अधिवक्ता अटल बिहारी वाजपेई ने एसडीएम को लिखित शिकायत देकर 15 जुलाई को पौड़ी बस स्टैंड में चक्काजाम आंदोलन करने की चेतावनी दी है। उन्होनें बताया की पौड़ी फीडर अंतर्गत आने वाले दर्जनों ग्रामों में विद्युत समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है, कई बार इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों को की जा चुकी है बावजूद इसके समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा। उन्होनें कहा कि पौड़ी बस स्टैंड में 15 जुलाई को चक्काजाम और प्रदर्शन किया जाएगा।

## छह ट्रेनें नौ दिन के लिए रहेंगी निरस्त

**कटनी।** मध्य रेलवे के भुसावल मंडल के अंतर्गत भुसावल-खंडवा खंड के बीच गेज परिवर्तन एवं खंडवा यार्ड रीमॉडलिंग के साथ कनेक्शन के चलते प्री-एनआइ व एनआइ का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के दौरान पमरे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली एवं गुजरने वाली कई ट्रेन प्रभावित होंगी। कटनी से चलने वाली कटनी-भुसावल एक्सप्रेस सहित छह ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। जिसमें 14 से 22 जुलाई तक भुसावल से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 19013 भुसावल-कटनी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 15 से 23 जुलाई तक इटारसी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 19014 कटनी-भुसावल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 14 एवं 21 जुलाई को रीवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 02185 रीवा-सीएसएमटी एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी। 15 एवं 22 जुलाई को सीएसटीएम से रवाना होने वाली गाडी संख्या 02186 सीएसएमटी-रीवा एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 12167 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-वाराणसी एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से दिनांक 14 से 21 जुलाई तक तथा गाड़ी संख्या 12168 वाराणसी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से दिनांक 16 से 23 जुलाई तक निरस्त रहेगी।

## ट्रांसफार्मर बंद होने से रतजगा करने मजबूर

**कटनी।** ग्राम डुंड़ी में करीब 15 दिनों से ट्रांसफार्मर बंद होने की समस्या का सामना डुड़ी वासियों को करना पड़ रहा है। ग्रामवासियों का कहना है कि गांव के अंदर घरेलू बिजली सप्लाई के लिए लगे ट्रांसफार्मर में लोड बढ़ने की वजह से लगभग पंद्रह दिन पूर्व जल गया है, जिस पर विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बारिश में कीड़े-मकोड़ों के भय के बीच वे रतजगा करने मजबूर हैं।

### पुलिस के सामने वाहनों की धमाचौकड़ी मचा रहे नाबालिक, हादसे का इंतजार

# बिना ड्रायविंग लायसेंस के दो पहिया वाहनों में स्कूल पहुंच रहे छात्र छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



निजी व सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अधिकांश पालक बाइक से स्कूल भेज रहे हैं, उनके से कई बच्चे तो नाबालिक हैं, और जो बालिक हैं वे भी अधिकांश बिना लायसेंस के वाहनों में स्कूल पहुंच रहे हैं, इस दिशा में अभिभावकों की बड़ी लापरवाही देखने को मिल रही है साथ ही स्कूल प्रबंधन द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे कभी की कोई गंभीर हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

आए दिन वाहनों की दुर्घटनाएं बढ़ रही है, लेकिन यातायात , परिवहन विभाग की ओर से कोई भी जागरूकता अभियान नहीं चलाया जा रहा है। बताया जाता है कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस और 18 साल से कम उम्र के बाइक चलाने वाले छात्रों की संख्या में काभी वृद्धि देखी जा रही है। जिससे सडक़ दुर्घटनों में इजाफा हो रहा है। इसी को देखते हुए और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस को विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित करने की आवश्यकता है जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। अकसर देखा जा रहा है कि आजकल ज्यादातर छात्र बाइक से स्कूल आते हैं। जैसे-जैसे यह संख्या बढ़ रही है वैसे-वैसे दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही है। बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर विद्यार्थियों को इस अभियान के तहत यातायात नियमों के उल्लंघन करने से रोकने की समझाइश दी जा सकती है साथ ही अभिभावकों को परामर्श के साथ चेतावनी दी जाए, ताकि बिना ड्राइविंग लाइसेंस और 18 साल से कम उम्र वाले बच्चों को बाइक, स्कूटी से विद्यालय आने जाने से रोक सके। क्षेत्र में आए दिन लगातार वाहन दुर्घटनाएं बढ़ रही है, लेकिन किसी प्रकार का कोई जागरूकता अभियान नहीं चलाया जा रहा है। नियमानुसार बालिग होने से पहले बच्चों को स्कूल तक बाइक से भेजना एक जोखिम भरा काम है, लेकिन, इसके बाद भी अधिकांश अभिभावक लापरवाही बतर रहे हैं। पुलिस विभाग द्वारा भी ऐसे बच्चों की जांच नहीं की जा रही जिससे बिना लायसेंस के वाहन चलाने वाले छात्रों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है। बच्चे पढ़ें और आगे बढ़ें इसलिए अभिभावक उनकी हर मांग पूरी करते हैं। अभिभावकों की बड़ी लापरवाही है यह कि यह जानते हुए कि बच्चा नाबालिग है, इसके बाद भी विद्यालय जाने के लिए बाइक और स्कूटी थमा दे रहे हैं। इससे हादसे की आशंका रहती है। स्कूटी से स्कूल जाने वालों में छात्राओं की संख्या अधिक है। बिना लायसेंस छात्राएं भी स्कूटी से सड़कों में फर्राटे भरते नजर आ रही हैं। जबकि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों बाइक और स्कूटी चलाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है।

## तीन तलाक मामले में अभियुक्त को जमानत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मध्य प्रदेश में सरकार के द्वारा तीन तलाक पर सख्त कार्यवाही करने के आदेश देने के बाद पहला मामला कटनी में दर्ज किया गया था जिस पर मुस्लिम विवाह अधिनियम 2019 के तहत तीन तलाक पर आमिर खान नामक युवक को तीन तलाक में आरोपी बनाया गया था।

जिले के कोतवाली थाने में मुस्लिम विवाह अधिनियम 2019 के तहत तीन तलाक का मामला दर्ज किया गया था जिस पर माननीय न्यायालय के समक्ष कोतवाली पुलिस द्वारा अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था अभियोग पत्र पर अधिवक्ता यश खरे एवं अधिवक्ता संजय चतुर्वेदी द्वारा लगभग आधे घंटे आर्गुमेंट करने के बाद माननीय न्यायालय के द्वारा तीन तलाक के मामले पर अभियुक्त आमिर खान को जमानत दी गई। मध्य प्रदेश पर हाइलाइट होने वाले तीन तलाक के मामले को लेकर न्यायालय ने काफी गंभीरता से इस पर विचार करते हुए अभियुक्त को जमानत पर रिहा करने के बाद कोर्ट पर ट्रायल के समय उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही अभियुक्त आमिर सहित उसके माता-पिता पर दहेज प्रथा का भी और मारपीट करने का भी आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया गया था जिस पर तीनों अभियुक्त को न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत दे दी है

*वेटिंग टिकट पर कर रहे थे यात्रा, रेलवे ने कसी कमर*

## मजिस्ट्रेट चैकिंग से यात्रियों में हड़कंप 60 यात्रियों से वसूले गए 35 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



रेलवे मजिस्ट्रेट के निर्देशन में गुरूवार को अपने स्कॉट के साथ ट्रेन सहित प्लेटफार्म में सघन अभियान चलाया गया। ट्रेनों में बिना टिकट सफर करने वालों के खिलाफ गुरूवार को जबर्दस्त चेकिग अभियान चलाया गया। मजिस्ट्रेट चेकिग की भनक लगते ही बेटिकट यात्रियों में हड़कंप मच गया। पैसेंजर से लेकर एक्सप्रेस ट्रेनों में भी अफरा-तफरी मची रही। कटनी मुख्य स्टेशन पर आधा दर्जन ट्रेनों में टिकट चेकिग की कार्रवाई के बाद कुल 60 यात्रियों पर कार्रवाही की गई।

वेटिंग और बिना टिकट लिए ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए गुरूवार का दिन उनके लिए नुकसान दायक रहा। मजिस्ट्रेट चैकिंग कार्रवाई से यात्रियों में हड़कंप मच गया। आधा दर्जन से अधिक टिकट चैकिंग स्क्वॉड ने यात्रियों के यात्रा टिकटों की जांच की। कार्रवाई के दौरान रेलवे मजिस्ट्रेट एसके मिश्रा मौजूद रहे। बताया जाता है कि स्क्वॉड ने लोकमान्य तिलक टर्मिनल से राजेन्द्र नगर जाने वाली जनता एक्सप्रेस, उधना से बरौनी एक्सप्रसे और पुणे से गोरखपुर एक्सप्रेस व अन्य यात्री ट्रेनों में सफर कर रहे मुसाफिरों की जांच की गई। इस दौरान वेटिंग टिकट पर स्लीपर श्रेणी की बोगी में यात्रा कर रहे करी 60 यात्रियों पर कार्रवाई करते हुए 35 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया। इसके साथ बिना टिकट यात्रा करने वालों पर भी गाज गिरी, पकड़े गए करीब दस यात्रियों से तीन हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। इस दौरान टिकट चैकिंग स्क्वॉड ने प्लेटाफार्म के साथ साथ यात्री प्रतिक्षालय, जन आहार केन्द्र, फूड प्लाजा में भी जांच की। जांच के दौरान फूड प्लाजा से चार अवैध वेंडरों को भी पकड़ा गया। वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2920 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। कार्रवाई में जबलपुर मंडल सीटीआई संदीप श्रोती, सीटीआई केसी रजक, सीटीआई देवेन्द्र दुबे, टीम लीडर सीटीआई रुपसिंह मीणा, रितेश चौरसिया, राकेश शर्मा, फोजदार शुभम, पवन कुमार, रोहित, आरती, आकाश की भूमिका रही।

## दीक्षा दिवस के अवसर पर हुआ खीर का वितरण




श्री विद्यासागर महाराज के 57वें दीक्षा दिवस के अवसर पर जैन मिलन एवं महिला जैन मिलन द्वारा मेन रोड़ स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिग .जैन पंचायती मंदिर के पास खीर वितरण किया गया। गुरूभक्त मण्डल द्वारा जैन बोर्डिंग हाउस के पास श्रद्धालुओं को खीर का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अंकुर जैन अध्यक्ष, संचित जैन, मनीष जैन, राहुल जैन, राजेश जैन, महिला अध्यक्ष स्वाती जैन, रंजना जैन,स्वाती,दीपांशि,आस्था,निशा,रोशनी,दिपाली,खूशबू, नीलू, राखी, प्रिया, कोषाध्यक्ष निशा जैन, प्रिया जैन के साथ अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## विद्यासागर महाराज का 57वां दीक्षा दिवस पर किए गए धार्मिक आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

परम पूज्य आचार्य श्री 108 संत शिरोमणी आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के 57 वें दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में आर्यिका माॅ 108 105 भावनामती माता जी एवं आर्यिका संघ के परम सानिध्य में श्री 1008 पार्श्वरनाथ दिग.जैन पंचायती बड़े मंदिर जी में आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का 57 वें दीक्षा दिवस के अवसर पर श्रीजी का महामस्तकाभिषेक किया गया। इस अवसर पर विनय जैन, वीनित जैन, प्रवीण जैन,मौजूद रहे। इस अवसर पर नगर के सभी जैन मंदिरों के श्रावक श्राविकाओं द्वारा द्रव्य सजाकर लाई गई सभी ने संगीतमय वातावरण में आचार्य श्री जी का पूजन किया कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी विजय कुमार विश्व एवं प्रमोद कुमार द्वारा किया गया। मंगलाचरण -मंजू दीदी, शिबी दीदी द्वारा पढ़ा गया। इस अवसर पर आर्यिका श्री चर्चा करते हुये कहा कि आचार्य श्रीजी का दीक्षा दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब आप उनके रचित ग्रंथों का पठन-पाठन कर अपनी आत्मा विशुद्ध बढ़ाकर अपना जीवन संस्कारित करेगें।

*आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य बीमा योजना पेंशन योजना की मांग*

## अधिवक्ताओं की मांगों के समाधान को लेकर मुख्यमंत्री से मिला परिषद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही



मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद शिकायत निवारण समिति की जिला प्रतिनिधि एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि विगत दिवस मध्यप्रदेश स्टेट बार कॉउंसिल के वाइस चेयरमैन व कटनी मंडला प्रभारी वरिष्ठ अधिवक्ता आर के सिंह सैनी के आगमन पर जिला शिकायत निवारण समिति की सदस्य एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज, एडवोकेट आर के यादव, एडवोकेट संजय चतुर्वेदी, नव अधिवक्ता अक्षय बजाज व उनकी टीम के द्वारा अधिवक्ताओ के हित के लिए जैसे की अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट, अधिवक्ताओ के मृत के उपरांत 25 लाख, अधिवक्ताओ का आयुष्मान कार्ड, स्वस्थ बीमा योजना, पेंशन योजना व किसी भी अधिवक्ता के उपर पुलिस प्रशासन के द्वारा किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज करने से पहले राज्य अधिवक्ता परिषद व जिला अधिवक्ता संघ से लिखित रूप से सहमति लेने की माँग रखी। साथ ही जिला शिकायत निवारण समिति की सदस्य एडवोकेट अंजुला बजाज विगत कई बार से अधिवक्ता चैंबर्स की भी मांग करी गयी थी। इसी प्रक्रिया मे मध्यप्रदेश की लाखों अधिवक्ताओ की समस्या को लेकर के मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद अध्यक्ष राधे लाल गुप्ता, उपाध्यक्ष आर के सिंह सैनी के नेतृत्व मे प्रतिनिधि मंडल विगत दिवस मुख्य मंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट की साथ ही उन्होंने अधिवक्ताओ की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। उपाध्यक्ष आर के सिंह सैनी ने स्टेट बार के नवीन भवन के 20 जुलाइ को निर्धारित शिलान्यास समारोह मे शामिल होने के लिए आमंत्रित भी किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आमंत्रण को स्वीकार करते ही कहा की मै स्वय एक अधिवक्ता भी हू मैं अधिवक्ताओ के दुःख व दर्द को समझता हू मैंने बहुत नजदीक से देखा है, आप के द्वारा दी गयी माँगो की जल्द से जल्द समाधान करने का प्रयास करूँगा, साथ ही अधिवक्ता कल्याण संबंधित स्टेट बार का कोई भी प्रकल्प बाधित न होने पाए हम इस दिशा मे ठोष कदम उठाएंगे। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व चेयरमैन व सदस्य सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## दो गांजा तस्करों को पुलिस ने दबोचा, 67 किलोग्राम बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माधव नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने 6.7 किलोग्राम गांजा जब्त करते हुए दो संदिग्ध तस्करों को गिरफ्तार किया। माधव नगर थाना प्रभारी अनूप सिंह और उनकी टीम ने सफलता हासिल की। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान किशन निषाद पिता इंदभान निषाद, उम्र 25 वर्ष और राजकुमार कुशवाहा पिता मोतीलाल कुशवाहा, उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई है, जो इन्द्रानगर, थाना कुठला के निवासी हैं। बताया जाता है कि गश्त के दौरान पुलिस टीम ने विकास किराना दुकान के सामने एक सुनसान स्थान पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को छिपे हुए पाया। पूछताछ के दौरान, दोनों ने जबलपुर से आने की बात कही। टीम ने एक राहगीर की मौजूदगी में उनकी प्लास्टिक की बोरियों की तलाशी ली गई। दोनों संदिग्धों ने बताया कि यह गांजा है, जिसे वे जबलपुर से लाए थे। गांजा की की गई। कुल 6 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 1,37,000 रुपये है।

## रेत के अवैध परिवहन पर जब्त हुआ वाहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश के बाद खनिज विभाग द्वारा अवैध परिवहन में लिप्त दो वाहनों पर अनावेदक से 64 हजार 333 रूपये का प्रशमन शुल्क जमा कराया गया है। खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों पर जिला प्रशासन द्वारा नियमित निगरानी और कड़ी नजर रखी जा रही है। साथ ही खनिज के अवैध परिवहन में लिप्त वाहनों से निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि भी जमा कराई जा रही है।

खनिज अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार विगत 16 जून 2024 को बरही रोड में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ट्रैक्टर ट्राली वाहन क्रमांक एम.पी. 21 एबी 1208 से अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, सोनू चौधरी पिता राजेश चौधरी वाहन मालिक मवासी प्रसाद चौधरी निवासी उबरा तहसील विजयराघवगढ़ द्वारा 3.00 धनमीटर ओव्हर लोड रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर वाहन जप्त किया जाकर 31 हजार 625 रूपये प्रशमन शुल्क अधिरोपित किया जाकर अनावेदक को प्रशमन शुल्क की राशि जमा करनें हेतु सूचना पत्र प्रेषित किया गया।

प्रेषित सूचना पत्र के जवाब मे अनावेदक द्वारा उपस्थित होकर जवाब दिया गया कि वे प्रशमन शुल्क की जमा करनें के उपरांत जब्त वाहन को मुक्त करनें का अनुरोध किया गया। अनावेदक पर अधिरोपित प्रशमन शुल्क की राशि 31 हजार 625 रूपये चालान के माध्यम से जमा कर दिये जाने के पश्चात विधि संगत कार्यवाही करनें हेतु प्रकरण कलेक्टर श्री अवि प्रसाद के समक्ष वाहन मुक्त करनें की कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया।

कलेक्टर प्रसाद द्वारा मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 2022 के नियम 19 के तहत अनावेदक, परिवहनकर्ता द्वारा निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि चालान के माध्यम से जमा करने के पश्चात जब्तशुदा वाहन को मय खनिज यदि किसी अन्य प्रकरण में वाहन की आवश्यकता न होने पर विधिवत वाहन मुक्त करने की कार्यवाही की गई है।

## चार पहिया वाहन चालक ने मारी ठोकर, पत्नि की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के जंगल पुरैनी गांव के पास मोटर साइकिल सवार पति पत्नी को चार पहिया वाहन ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय जनो के सहयोग से घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र केरजरवारा गांव निवासी पार्वती पति प्रमोद बर्मन 30 को गंभीर रूप से घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया महिला सड़क हादसे में घायल हुई थी। पुलिस ने महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## नियत होनी चाहिये आप पत्थर में पौधे जिंदा रख सकते हैं, जरारूधाम में वह आपको देखने के लिये मिलेगा

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रदेश में 5 करोड़ पौधे लगेंगे-पंचायत मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

एक पेड़ मां के नाम अभियान की प्रधानमंत्री जी ने घोषणा की है और मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि मध्य-प्रदेश साढ़े 5 करोड़ में पौधे लगेंगे। पूरे इंदौर जिले का यह लक्ष्य 51 लाख रखा है। पंचायत मंत्री होने के नाते मैंने तय किया कि जो पिछला रिकॉर्ड है उसके आधार पर ब्लॉक में दो पंचायत लीजिए जो पानी के सोर्स के पास हो, फेंसिंग हो और गर्मियों में पानी का प्रबंध हो, यदि आप 2000 पौधे लगाते हो और यदि उनको आपने बचा लिया तो आने वाले तीन साल में हम एक बूंद धरती मां को जल देने का योगदान करेंगे। इस आशय के विचार पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बटियागढ़ ब्लाक में स्थित जरारूधाम गौ-अभ्यारण में पौधारोपण के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, विधायक हटा उमादेवी खटीक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय, प्रभारी कलेक्टर अर्पित वर्मा खासतौर पर मौजूद थे। पंचायत मंत्री श्री पटेल ने कहा बटियागढ़ ब्लॉक के जरारूधाम में 10 हजार पौधे लगाने का काम किया है, एक महीने पूर्व से यह तैयारी चल रही थी। पंचायत मंत्री श्री पटेल ने सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुये कहा हम





जरारूधाम में प्रतिवर्ष प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन पर और अन्य अवसरों पर वृक्षारोपण करते हैं लेकिन आज का दिन हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है और हमने यह भरोसा दिया है, कि जो पौधे यहां पर लगेंगे वह शत-प्रतिशत जीवित रहेंगे। उन्होंने कहा तमाम कोशिशें के बावजूद भी पौधे वृक्ष नहीं बन पाते हैं और यदि 2 साल बाद पूरी ईमानदारी के बाद भी यदि कोई पौधा सूखता है, तो हम उसकी जगह पर दूसरा पौधा रिप्लेस करके उसी उम्र का, हम उस स्थान के स्थायित्व को बरकरार रखते हैं। मुझे सब की सद्भावना भी चाहिए, सहयोग हमें मिलता है, उन सभी सहयोगियों का हृदय से आभार है। उन्होंने कहा नियत होनी चाहिए आप पत्थर में पौधे जिंदा रख सकते हैं, जरारूधाम में वह आपको देखने के लिए मिलेगा, इसमें किसी की कोई बड़ाई नहीं है, लेकिन यदि आपकी नीयत ठीक है, गर्मियों में बच्चों के समान उनकी पानी की चिंता की है, तो पत्थर पर पौधे हो सकते हैं और उसके बाद भी मैंने 4 साल बाद फलते हुए वृक्ष को सूखते हुए देखा है, क्योंकि यहां नीचे चट्टान है, हमने इसका भी प्रबंध किया है कि इसके नीचे से गर्मियों में पानी बहाते हैं ताकि पौधे को जीवन मिलता रहे। इस अवसर पर दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा प्रधानमंत्री जी ने ₹एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रारंभ किया है। इस अभियान के तहत मैं समस्त जिले वासियों से और खासकर लोकसभा के सभी मतदाताओं से आग्रह करता हूं की निरंतर प्रदूषण बढ़ने के कारण निरंतर अलग-अलग प्रकार की बीमारियां हो रही है, जैसे की हम देख रहे हैं की बारिश नहीं हो रही है उसका कारण यह है कि हमारा पूरा प्राकृतिक सिस्टम डिस्टर्ब हो गया है, इसलिए ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान को सफल बनाने के लिए सभी से आग्रह है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल ने कहा आज जरारूधाम में ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान में मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल जी और दमोह के सांसद राहुल भैया के साथ यहां पर पेड़ लगाए हैं। मंत्री जी का यह संदेश है कि यहां पर 10 हजार से ज्यादा पेड़ लगाने हैं। हटा विधायक श्रीमती उमा देवी खटीक ने कहा देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का कहना है भारत हमारा परिवार है, भारत के रखरखाव की जिम्मेदारी हमारी है ।उन्होंने कहा पेड़ तो लगाते है पर पेड़ लगाकर उसकी की रक्षा भी करें, रखरखाव करें और अपने बच्चों को भी समझाएं कि हमने यह पेड़ लगाया है अब आपकी जवाबदारी है इसको संचित और सुरक्षित करते हुए इसको बड़ा करना है। जरारूधाम गौ-अभ्यारण के अध्यक्ष नरेंद्र बजाज ने कहा हमारे मार्गदर्शक और मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल के संरक्षण में जरारूधाम दिन-प्रतिदिन प्रगति कर रहा है। सुशील गुप्ता ने कहा आज बड़े सौभाग्य की बात है कि मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल जी की अनुमति से और उनके सौजन्य और सहयोग से जरारूधाम गौ अभ्यारण में 10 हजार पौधों का संकल्प लेकर के जो कार्य चालू किया है, इसकी हम विगत एक महीने से तैयारी कर रहे थे और आज टारगेट 10764 का हो गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.डीएम संगतानी, पं. नरेन्द्र व्यास, गोपाल पटैल, रूपेश सेन, अनुपम सोनी, नितेन्द्र सिंह लोधी, सुशील गुप्ता, दीपक मिश्रा, सुरेन्द्र चौरसिया, गौरव पटैल, विक्रांत गुप्ता, बद्रीसिंह पटैल, संजय यादव, नर्मदा सिंह एकता, रामकली तंतुवाय, अनीता खरे, प्रिसी दिनेश कुमार, टीव्ही कलाकार बद्री विश्वकर्मा, कैलाश शेलार, रत्नेश लोधी, सीईओ जनपद बटियागढ़,दमोह, पथरिया, जबेरा, तेन्दूखेड़ा, पटेरा, हटा, विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि और पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा गणमान्य नागरिक, सम्मानीय मीडियाजन मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### एक पौधा मां के नाम, ग्राम मोहडिया में हुआ पौध रोपण

**पवई।** एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत बुधवार को वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहडिया में न्यायाधीश कृष्णपाल सिंह सिसोदिया,एस डी ओ कल्पना तिवारी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल की उपस्थित मे लगभग 50 पौधा रोपित किए। वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल ने ग्राम के लोगो से कहा कि हर व्यक्त एक पौधा मां के नाम रोपण करें पर्यावरण संरक्षण के लिए धरती पर पेडों का होना अतिआवश्यक है जिस तरह जीवन के लिए जल जलवायु की जरूर होती है उसी तरह अच्छी वारिस स्वच्छ जलवायु के लिए धरती पर पेड जरूरी है। इस दौरान बी.के. खरे, राकेश बढोलिया, प्रदीप मिश्र, दिनेश राठोर मनीष वर्मा सहित ग्राम के लोग मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से ड्राइवर की मौत

**पन्ना।** जिले के सलेहा थाना अंतर्गत हादसे की खबर सामने आई है. पन्ना जिले में दहेज के सामान से भरा ट्रैक्टर-ट्राली पटलने से ड्राइवर की मौत हो गई, जबकि अन्य 4 गंभीर रूप से घायल हो गए। जिले के सलेहा थाना क्षेत्र में दहेज के सामान से भरा ट्रैक्टर-ट्राली आनियंत्रित होकर पलट गया। बताया जा रहा है कि सतना जिले के सकोहा ग्राम से बारात वापस लौट रही थी. ट्रैक्टर-ट्राली में दहेज का सामान लदा हुआ था। इसी दौरान पिपरिया मोड़ के पास अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क के बीचो-बीच पलट गया। इस दुर्घटना में 22 वर्षीय ड्राइवर पुष्पराज सिंह घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

### महिला को जहरीले सांप ने काटा

**छतरपुर।** मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम पिपौरा निवासी गणेश कुशवाहा की 31 वर्षीय पत्नी रजनी गुरूवार की सुबह नहाने के लिए कुएं पर जा रही थी, तभी रास्ते में एक जहरीले सर्प ने उसके पैर में काट लिया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने गणेश को फोन लगाकर सूचना दी। सूचना मिलते ही गणेश मौके पर पहुंचा और पत्नी को उठाकर सीधे जिला अस्पताल ले आया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। समय पर इलाज मिल जाने के कारण रजनी की हालत में सुधार बताया गया है।

### सोनी परिवार में शोक

**पटेरा।** नगर के सोनी समाज के प्रतिष्ठित गोविन्द सोनी का 72 वर्ष की अवस्था में अल्प बीमारी के पश्चात आकस्मिक निधन हो गया। सभी वर्ग के नागरिकों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

### राजेश ताम्रकार दिवंगत

**पटेरा।** नगर के ताम्रकार समाज के प्रतिष्ठित राजेश ताम्रकार चाट वालों का अचानक हृदयगति रूक जाने से निधन हो गया। सभी वर्ग के नागरिकों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पुलिस से बिना नंबर की कार से जब्त की 11 पेटी अवैध शराब



**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा पुलिस ने होंडा सिटी कार से 11 पेटी अवैध शराब जिनकी कीमत लगभग 49 हजार रूपए बताई गई हैं जिसे बरामद की हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात्रि 1 बजे मुखबिर से सूचना मिलने पर रात्रि 2 बजे पिंडरई पांजी के पास अजीतपुर खमरिया मार्ग पर बिना नंबर की होंडा सिटी कार जिसमें 11 पेटी 4 प्लेन एवं 7 मसाला की अवैध शराब लेकर जा रही कार रोका गया जैसे ही कार रूकी चालक तुरंत मौके से भाग गया। अज्ञात चालक पर 34/2 के तहत मामला दर्ज किया गया हैं साथ ही कार पुलिस अभिरक्षा में हैं। कार्यवाही के दौरान प्रधान आरक्षक महेष ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, प्रियांषु ठाकुर मोजूद रहे।

## सिग्रामपुर पुलिस ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**सिंग्रामपुर।** जबेरा थाना की सिंग्रामपुर पुलिस चौकी परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें चौकी प्रभारी आलोक तिरपुढ़े ने पुलिस बल ने इस अभियान के तहत पौधे लगाए। वहीं ग्राम वासियों को एक पौधा लगाने की अपील की। साथ उन्होंने कहा अपने दिनचर्या के कामों के साथ यह भी पर्यावरण का संरक्षण अति आवश्यक है। जिसमे सभी को आगे आना होगा। दरअसल चौकी प्रभारी के नेतृत्व में आज में पुलिस बल जन प्रतिनिधियों साथ पौधे लगाए। कई प्रजातियों की पौधे रोपित किए व उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर दीपक यादव मुलायम चंद्र जैन भागचंद यादव अजय सोनकर सचिन लालचंद राय गोलू साहू हाई स्कूल प्राचार्य जनप्रतिनिधियों के मौजूदगी रही।

## अनदेखीः पुलिस नहीं दे रही ध्यान, हो सकता है बड़ा

# लापरवाही जान पर भारीः चार सीटर ऑटो में भर रहे एक दर्जन से अधिक सवारी



**बनवार।** आटो चालकों को सवारियों की जिंदगी से ज्यादा अपनी कमाई की चिंता है। चार सीटर आटो वाहनों में क्षमता से अधिक यात्री ढो रहे हैं। सड़कों पर तेज गति में दौड़ रहे ओवरलोड आटो के साथ ही ओवर टेकिंग दुर्घटना का प्रमुख कारण है। स्थिति यह है कि कमाई के लालच में चालक अपनी सीट पर भी एक सवारी बैठा लेते हैं।आटो के आगे पीछे सवारियों को लटका लेते वाहन चलाते समय आधा शरीर बाहर होता है। अधिक सवारी के कारण आए दिन वाहन पलटते हैं। जिससे लोग हादसे का शिकार हो रहे है। घायल होने के साथ जान तक चली जाती है। ओवरलोड वाहनों के खिलाफ पुलिस कार्यवाही करने से ज्यादा इन आटो चालकों से वसूली करते है जबकि यह आटो सारे आम ओवर सवारी भरकर थाना क्षेत्र निकलते रहते है लेकिन पुलिस जानकर अनजान बना रहता है हद तो तब हो गई जब बनवार बांदकपुर मार्ग पर चार सीटर आटो में दर्जनों सवारी लोड था और स्कूली छात्र आटो के पीछे लटके हुए खड़े खड़े सफर कर रहे थे और जरा सी चूक से बड़ा हादसा घटित होने में देर नहीं लगती स्कूली छात्रों से भरे आटो पलटने से अनेकों दुर्घटनाएं घटित हो चुके हैं लेकिन इन घटनाओं से ऑटो चालकों सबक लिया है और ना ही पुलिस प्रशासन की आंखे खुली नतीजन ओवरलोड ऑटो सड़को पर धडल्ले से दौड़ रहे है जो कभी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते है।

## पौधारोपण वहीं किया जाये जहां फेंसिंग हो-पंचायत मंत्री श्री पटेल

**दमोह।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आज जरारूधाम गौ-अभ्यारण में जिले के सभी जनपद सीईओ से कहा ब्लॉक में दो पंचायत लीजिए जो पानी के सोर्स के पास हो, फेंसिंग हो और गर्मियों में पानी का प्रबंध होना चाहिये, जहां पौधे लगाये जायें फेंसिंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तभी पौधा रोपण हो। उन्होंने कहा तमाम कोशिशें के बावजूद भी पौधे वृक्ष नहीं बन पाते हैं और यदि 2 साल बाद पूरी ईमानदारी के बाद भी यदि कोई पौधा सूखता है, तो हम उसकी जगह पर दूसरा पौधा रिप्लेस करके उसी उम्र का, हम उस स्थान के स्थायित्व को बरकरार रखें । उन्होंने कहा पौधारोपण के बाद पौधे की देखरेख सुनिश्चित होना चाहिये, गर्मी में पौधे के लिये पानी की व्यवस्था की जानी चाहिये तभी पौधा पेड़ बन पायेगा।

## मुनि दीक्षा दिवस मनाया



**दमोह।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र पारस धाम बांदकपुर में आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का 57वा मुनि दीक्षा दिवस बड़े ही धूमधाम से आज अमूल्य मति माता जी ससंघ के सानिध्य में शक्ल दिगंबर जैन समाज बांदकपुर के द्वारा मनाया गया। जिसमें नित्य नियम पूजन अभिषेक के बाद आचार्य श्री का पूजन माता जी के द्वारा कराई गई। इसमें विदोदय परिवार की महिलाओं ने चित्र का अनावरण कर दीप प्रजनन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का मंगलाचरण दिनेश जैन शिक्षक के द्वारा किया गया आचार्य श्री की सुंदर अष्ट द्रव्य के साथ पूजन की गई इसमें समाज की महिलाओं द्वारा व पुरुषों द्वारा पाठशाला की बहनों द्वारा बारी बारी से अर्घ समर्पित किए गए।

## परस्वाहा से बारिश के बीच माता जी का मंगल विहार



**सिंग्रामपुर।** आचार्य श्री की परम शिष्य105 साकार मति 105 श्रुत मति 105 जागृति मति माताजी का मंगल विहार कुंडलपुर से सिंग्रामपुर की ओर चल रहा है। आज परस्बाहा ग्राम से दोपहर 3 बजे मंगल विहार ग्राम रोड के लिए हुआ। रात्रि विश्राम ग्राम रोड में संपन्न होगी और आज आहारचार्य चोपरा ग्राम में संपन्न होना है। माताजी का मंगल विहार ग्राम सिंग्रामपुर में चातुर्मास के लिए चल रहा है।

## बिलाई चौकी परिसर मे वृक्षारोपण, अनेक प्रजापति के पेड़ रोपे गये




**हिण्डोरिया।** मध्यप्रदेश शासन के पुलिस विभाग भोपाल व्दारा नियत प्रदेश व्यापी हरियाली महोत्सव के अन्तर्गत थाना हिण्डोरिया की बिलाई चौकी परिसर में चौकी प्रभारी मलखान सिंह के कुशल मार्गदर्शन में अनेक जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति एवं सहभागिता के साथ ₹ एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के तहत विभिन्न प्रजापति के पौधों का रोपण किया गया। साथ ही इस अभियान के माध्यम से वर्तमान समय मे पेड़-पौधों की मानव समाज एवं जीवन मे उपयोगिता, जरूरत, महत्ता एवं आवश्यकता पर थाना क्षेत्र वासियों को संदेश भी वृक्षारोपण के माध्यम से दिया गया। इस दौरान सागोन, सीशम, मुनगा, आंवला, बांस, इमली इत्यादि प्रजापति के पौधे चौकी परिसर मे मौके पर उपस्थित सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के करकमलों से उत्साह पूर्वक रोपे गये। इस मौके पर बिलाई चौकी प्रभारी मलखान सिंह ठाकुर, बिलाई सरपंच प्रतिनिधि दयाराम पटेल,भाजपा हिण्डोरिया मण्डल के उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर पटेल, बीडीसी प्रतिनिधि भीम पटेल, प्रधान आरक्षक उमा शंकर सहेरिया, आरक्षक प्रियेश पाठक, संकल्प समाज सेवी संस्था कार्यकर्ता सुजात खान, राजेश राय, भीसम बर्मन, जगदीश सेन, किशोरी पटेल सहित अनेक गणमान्य ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# मोहर्रम पर्व को थाना परिसर में हुई बैठक



**हटा।** आगामी 17 जुलाई को ताजिया मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस थाना परिसर मे मुस्लिम समुदाय के लोगो के साथ बैठक का आयोजन किया गया जिसमे थाना प्रभारी मनीष कुमार द्वारा उपस्थित सभी लोगो से व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।जिसमें मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष व सदर द्वारा ताजिया एवं अखाड़ा से संबधित जानकारी थाना प्रभारी को देते हुए बताया गया कि तीन अखाड़ा ताजियों के साथ रहेगें जिसमें मुरलीमनोहर वार्ड से मंसूरी अखाड़ा रमाकवि वार्ड से हुसैनी अखाड़ा कमला नेहरू वार्ड से ईमाम बाड़ा अखाड़ा निकाले जाएंगे जिसमें करीब 20 से ज्यादा ताजियां शामिल रहेगें जो एक साथ सुबह शहर गस्त करेगें एवं अपने मक्कानों में पुनः वापस आकर रात्रि कालीन ताजियां मदार चिल्ला से ढोल नगाड़ों के साथ निकाले जायेंगें। वही पर्व के एक दिन पूर्व मदार चिल्ला में 16 जुलाई को अलाव कार्यक्रम एवं सवारियां निकाली जाएगी।बैठक में थाना प्रभारी द्वारा चर्चा करते हुए बताया कि जो भी मुस्लिम भाई ताजियां बनाता है उन्हें इस बार एसडीएम से अनुमति लेना अनिवार्य है एवं डीजे अखाड़ा जुलूस इन सभी की अनुमति लेना प्रषासन से अनिवार्य किया गया। वही व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए मुस्लिम समूदाय के लोगो द्वारा कहा कि पर्व पर जिन सड़क मार्गो से ताजियां की सवारी निकलना है उस सड़क पर विद्युत व्यवस्था साफ-सफाई अनिवार्य रूप से दुरूस्त की जाए साथ ही सुनार नदी के नावघाट एवं घुराघाट पर ताजियां ठंडे किये जायेंगें जहां रास्ता को साफ-सुथरा स्वच्छ कर बिजली व्यवस्था में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में सदर यासीन खान मुहर्रम कमेटी अध्यक्ष सद्दू पठान शहजाद खान आकिब खान जमाल खान राजूबाबा नसीर खान सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

## पौधें को लगाकर उसकी देखभाल अपनी मां की तरह करें-फेमिदा खान

**तेंदूखेड़ा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत नगर के पुलिस थाना परिसर, एसडीओपी कार्यालय एवं पुलिस कर्मचारियों के आवास में लगभग 350 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। साथ ही एसडीओ पी देवीसिंह ठाकुर एवं थाना प्रभारी फेमिदा खान ने पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी पुलिस के लोगों को देकर कहा कि पर्यावरण संतुलन से ही प्रकृति का संतुलन बना रहेगा। इसलिए हम सभी को पौधे लगाकर उनकी देखभाल अपनी मां की तरह करना चाहिए। इस दौरान एसआई आरके गोस्वामी, पूरनलाल अहिरवार, रंजीत अहिरवार, महेष विष्वकर्मा, रमेष अठ्या प्र.आ. महेश ठाकुर, आरक्षक योगेष मिश्रा, नीरज नामदेव, रंजीत राणा, नंदलाल पटैल, आकाष पटैल, ब्रजेष ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर आदि ने पौधों का रोपण किया।

## पंचायत सचिव संतोष सिंह निलंबित

**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय द्वारा जनपद पंचायत पन्ना की ग्राम पंचायत भसूड़ा के पंचायत सचिव संतोष सिंह को ग्राम पंचायत की जनसुनवाई में अनुपस्थित रहने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच संस्थित करने की कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में पंचायत सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय पन्ना निर्धारित किया गया है। इस अवधि में इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। विभागीय जांच के लिए जनपद पंचायत सीईओ पन्ना को जांचकर्ता अधिकारी और खण्ड पंचायत अधिकारी को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त कर विभागीय जांच प्रतिवेदन एक माह के भीतर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# वृक्ष है धरती की शान- थाना प्रभारी



**हटा।** वृक्ष है धरती की शान एक पेड़ मां के नाम अभियान भी देश में पर्यावरण संरक्षण के साथ मां की सेवा के पवित्र भाव को मजबूती प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में 5.50 करोड़ पौधरोपण करने का संकल्प साकार करने का बीड़ा उठाया है दमोह जिले में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हटा अनुविभाग के समस्त पुलिस थानों में एसडीओपी नीतेश पटेल के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया जा रहे हैं इसी श्रृंखला में गुरुवार को थाना परिसर में समस्त पुलिस स्टाफ, नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों, गणमान्य जनों की मौजूदगी में पौधरोपण किया गया। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि पेड़ लंबे समय तक प्रदूषण मुक्त वातावरण की कुंजी हैं क्योंकि वे ऑक्सीजन प्रदान करने हवा की गुणवत्ता में सुधार, जलवायु सुधार, जल संरक्षण, मिट्टी संरक्षण और वन्य जीवन का समर्थन करने के लिए जिम्मेदार हैं। इन सभी कारणों से वर्तमान परिदृश्य में वृक्षारोपण आवश्यक हो गया है क्योंकि प्रदूषण चरम पर है कुछ हद तक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्र उपाय है। पेड़ों के बिना, पृथ्वी पर जीवन नहीं होता। पेड़-पौधे कई तरह से पर्यावरण को स्वस्थ रखने में बहुत योगदान देते हैं इसीलिए वृक्ष हमारे जीवन मे बेहद जरूरी है।थाना परिसर में शीशम, कंजी , आंवला, अशोक सहित अन्य प्रकार के पौधों को रोपित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### राज्यमंत्री श्री पटेल आज जायेंगे रीवा

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल आज 12 जुलाई को प्रातः 07 बजे दमोह से रीवा के लिये रवाना होंगे। रीवा में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर राज्यमंत्री श्री पटेल रात्रि 08:30 बजे दमोह आयेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे।

### श्रीयागमंडल विधान बेदी प्रतिष्ठा एवं विश्व शांति महायज्ञ आज से

**बनवार।** जबेरा जनपद के चोपरा ग्राम के श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में श्री यागमंडल विधान बेदी प्रतिष्ठा एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन आज 12 जुलाई से 14 जुलाई तक होने जा रहा है। सचिन मोदी अपनी जानकारी देते हुए बताया परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की परम शिष्य प्रबुद्ध सागर जी महाराज का आज सगरा से चंडी चोपरा सुबह 8:30 आगमन हुआ। शांतिनाथ दिगंबर जैन बड़े मंदिर में दो नई बेदियों का निर्माण कराया गया है जिसकी प्रतिष्ठा मुनि श्री प्रबुद्ध सागर जी, मुनि श्री निर्दोष सागर जी महाराज के सानिध्य में श्री 1008 यागमंडल विधान बेदी प्रतिष्ठा एवं विश्व शांति महायज्ञ 12 जुलाई से 14 जुलाई तक संपन्न होना है। जिसमें प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी सुमित भैया भोपाल सहयोगी प्रतिष्ठाचार्य अजय भैया झापन, संगीतकार प्रथम जैन म्यूजिकल ग्रुप दमोह की उपस्थिति में संपन्न होगा। आज मुनि श्री के बिहार में मुख्य रूप से उपस्थित रहे चौधरी रत्नेश जैन मोदी ज्ञानचंद जैन मोदी दीपक जैन मोदी सौरभ जैन छोटू अनिल मोदी चौधरी आयुष जैन सिंघई आदित्य जैन एवं सकल दिगंबर जैन समाज की उपस्थिति रही।

### जितने ज्यादा पेड़ लगेंगे उतना अच्छा हमारा प्रकृति का सिस्टम बनेगा-सांसद राहुल सिंह

**दमोह।** दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा प्रधानमंत्री जी ने ₹एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रारंभ किया है। इस अभियान के तहत मैं समस्त जिले वासियों से और खासकर लोकसभा के सभी मतदाताओं से आग्रह करता हूं की निरंतर प्रदूषण बढ़ने के कारण निरंतर अलग-अलग प्रकार की बीमारियां हो रही है, जैसे की हम देख रहे हैं की बारिश नहीं हो रही है उसका कारण यह है कि हमारा पूरा प्राकृतिक सिस्टम डिस्टर्ब हो गया है, इसलिए ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान को सफल बनाने के लिए सभी से आग्रह है। आज कैबिनेट मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल जी के नेतृत्व में 10 हजार पेड़ लगाने का कार्य जरारूधाम में प्रारंभ हुआ है, इस अभियान को बढ़ाएं और पेड़ लगाए, जितने ज्यादा पेड़ लगेंगे, उतना अच्छा हमारा प्रकृति का सिस्टम बनेगा। उन्होंने कहा एक बार सभी से पुनः आग्रह है कि ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान को आगे बढ़ते हुए हमारी प्रकृति को बचाएं।

### प्रबंधन ने दूसरी बाघिन को बता दिया, गुम बाघिन का नाम मामले की शिकायत जांच के निर्देश

# टाइगर रिजर्व से बाघ और बाघिन गायब शावकों का भी नहीं चल रहा पता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

वीरगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघ और बाधिन गुम होने का मामला सामने आने के बाद हड़कंप के हालात बने हुए हैं। बताया जा रहा है कि अनियमितताओं के संबंध में एक समाजसेवी ने पूरे मामले की जानकारी एकत्रित करके वन विभाग के भोपाल स्तर के अधिकारियों से इसकी लिखित शिकायत की है। शिकायत के साथ उन्होंने कुछ ऐसे सबूत दिए हैं, जिसके बाद अब बड़े अधिकारियों ने भी पूरे मामले की जांच कराने के निर्देश जारी कर दिए हैं। दरअसल सागर संभाग में स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के नौरादेही अभयारण्य में गंभीर गड़बड़ियों का मामला सामने आया है। टाइगर रिजर्व में टाइगर सफारी और वन संपत्ति में गंभीर लापरवाही की शिकायत हुई है।

### 6 बिंदुओं की शिकायत को फोटो, वीडियो के प्रमाण

के साथ वन विभाग के आला अफसरों तक पहुंचाया गया है। वनों की अवैध कटाई से लेकर संदिग्ध परिस्थितियों में बाघों के गायब होने का आरोप है। शिकायत में दावा किया गया है कि टाइगर रिजर्व में बाघिन एन -112 अपने शावकों के साथ और बाघ एन-113 वर्ष 2021 में गायब हो गए। प्रबंधन ने सरकारी रिकॉर्ड में इसका जिक्र तक नहीं किया। इतना ही नहीं बाघिन एन-111 को बाघिन एन-112 घोषित कर दिया। दोनों बाघिन के फोटो भी शिकायत के साथ भेजे गई हैं। मामले में दोनों की आईडी की जांच की मांग की गई है। बाघों के शिकार की आंशका जताते हुए सीबीआई जांच की मांग की गई है। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक समीता राजौरा वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे की शिकायत पर वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व सागर के डिप्टी डॉयरेक्टर से सात दिन में 6 बिंदुओं पर जवाब मांगा गया है।

### ये गंभीर आरोप भी लगाए गए

शिकायत में यह भी कहा गया है कि टाइगर रिजर्व में वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से अंधाधुंध अवैध कटाई हो रही है। टाइगर रिजर्व क्षेत्र के खुले पर्यटन क्षेत्र में भी राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसी) के नियमों का उल्लंघन हो रहा है। टाइगर रिजर्व के इको सेंसेटिव जोन में एनओसी के नाम पर स्थानीय स्टाफ घरेलू उद्देश्य के लिए जमीन खरीदने के लिए पैसे मांग रहा है। उन्होंने टाइगर रिजर्व में खाली पदों को भरने का भी मुद्दा



उठाया है। वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे का आरोप है कि पूरे मामले में नीचे से लेकर ऊपर तक मिलीभगत हुई है। वनों की अवैध कटाई सरेआम जारी है। टाइगर सफारी का संचालन नियम विरुद्ध और मनमर्जी से किया जा रहा है। टाइगर रिजर्व में शाकाहारी जीवों की संख्या कम होने और विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण बाघ और बाघिन खतरे में है।

### 2021 में तारादेही के पास देखा था एन-113 को

वहीं बाघ एन-113 बीते तीन साल से लापता है इसके साथ ही बाधिन एन-112 भी और उसके शावक भी लापता हैं। आखिर बाघ-बाघिन और शावक रिजर्व से कहां लापता हो गए है, किसी को पता नहीं है और न ही उनकी तलाश की गई है बाघ को आखिरी बार वर्ष 2021 में ठंड के दिनों में तारादेही के पास सड़क पार करते हुए ग्रामीणों ने देखा था। बताया जा रहा है कि बाघ एन-113 टाइगर रिजर्व से बाहर कहीं चला गया है या फिर उसका शिकार हो गया है। जब टाइगर रिजर्व नौरादेही अभ्यारण्य हुआ करता था, तब कान्हा से लाई गई पहली बाधिन राधा ने मई 2019 में तीन शावकों को जन्म दिया था। इनमें से दो बाघिन व एक बाघ था। जिसमें बाघिन एन-111 बाधिन एन-112 और बाघ एन-113 शामिल हैं लेकिन टाइगर रिजर्व से 2021 से बाघ एन-113 और 2022 से बाधिन एन-112 टाइगर रिजर्व से अपने शावकों के साथ लापता हैं जो आज तक टाइगर रिजर्व में नहीं देखी गई है और बाधिन राधा के तीनों शावकों की उम्र अब 6 साल हो चुकी है।

### बाघों की मॉनिटरिंग नहीं

वहीं नौरादेही अभ्यारण्य से टाइगर रिजर्व बने इस अभ्यारण्य को एक साल होने को है लेकिन यहां पर बाघों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। यहां किसी भी बाघ की मॉनिटरिंग नहीं होती। नए शावकों की टाइगर आईडी नहीं बनाई जाती है। यहां के आधे से ज्यादा बाघ लापता हैं। बाघों की जानकारी देने से अधिकारी बच रहे हैं। स्वयं का विटनरी डॉक्टर नहीं है, इलाज के अभाव में वन्यजीवों की मौत हो जाती है लेकिन आज तक किसी भी प्रकार की जानकारी मीडिया और वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी जाती है।

### शिकायत मेरे संज्ञान में नहीं है

यह जांच नोरादेही के डीएफओ डॉ. अब्दुल अंसारी द्वारा की जानी है। जिसको लेकर जब उनसे बात करने संपर्क किया तो उनका फोन बंद था इसलिए मामले के संबंध में जानकारी नहीं मिल पाई। वहीं अभ्यारण पर लगने वाले आरोपों को लेकर नोरादेही के उप-वनमंडल अधिकारी डेविड व्यंकराव से बात की तो उन्होंने बताया कि मेरी पदस्थापना अभी कुछ समय पहले हुई है। मेरे हिसाब से बाघ और बाघिन ऐसे लापता नहीं हुए होंगे। अभ्यारण तीन जिलों में फैला हुआ है और जिस शिकायत की जानकारी दी गई है, वह मेरे संज्ञान में नहीं है। मैं उसकी जानकारी लेता हूं

### प्रदेश का सबसे बड़ा कन्यादान सामूहिक तेंदूखेड़ा में

# 1966 जोड़े एक साथ बंधेगे परिणय सूत्र में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नगर मे 14 जुलाई को प्रदेश का सबसे बड़ा मुख्यमंत्री कन्यादान सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित होने वाला है, जिसकी तैयारी चल रहीं है, इस शुभ कार्य को संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने पर्यावरण से जोड़ जोड़ दिया है, जिसकी जानकारी गुरुवार को तेंदूखेड़ा पहुंचकर सतेन्द्र सीग लोधी ने दी। उन्होंने बताया की प्रदेश सरकार एक पेड़ माँ के नाम रोपित करने का अभियान चला रहीं है इसी दौरान 14 जुलाई को प्रदेश का सबसे बडा मख्यमंत्री कन्यादान कार्यक्रम तेंदखेडा मंडी परिषर मे होने वाला



है जिसमें प्रत्येक वर-वधु को शासन की योजनाओं का लाभ तो मिलेगा ही साथ मे एक पौधा भी दिया जायेगा । यह पौधा वर-वधु को रोपित करना है और वह उनके लिए जीवन भर यादगार के रूप मे बना रहेगा साथ ही प्रदेश मे पौधा रोपण अभियान भी सफल रहेगा। सतेन्द्र सीग ने बताया की सामूहिक विवाह मे चालीस हजार के लगभग लोग सम्मिलित होंगे जिसके लिए अलग अलग व्यवस्था की गई है, रजिस्टेशन और वर-वधु के तैयार होने के लिए शासकीय महाविद्यायल को अधिकृत किया गया है बारिश से सुरक्षा हेतु वाटरप्रूफ टेंट लगाया गया है। उन्होंने उन सभी सगठन के सदस्यों से चर्चा की जिन्होंने पिछले वर्ष सामूहिक कन्या विवाह मे अपना विशेष सहयोग दिया था । रमेश तिवारी ने कहा की एक कन्या का विवाह सौ यज्ञ के समान है और हमारे तेंदूखेड़ा मे तो 1966 विवाह हो रहे है, इसलिए नगर के सभी लोगो को पूरी श्रद्धा के साथ सहयोग की अपेक्षा है । विवेक जैन ब्रजेश लोधी ने भी अपने विचार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रखे । सतेन्द्र सीग ने कहा की भीड़ ज्यादा होंगी इसलिए सभी के सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी। पुलिस प्रशासन अपना कार्य करेगा लेकिन जन सहयोग बहुत जरूरी है। सामूहिक विवाह यह कार्यक्रम चार चरणों मे होगा और 1966 जोड़े में 600 से अधिक जोड़े दूसरी विधानसभा से आएंगे उनके लिए पूछताछ के लिए जगह जगह पूछताछ केंद्र बनाये गये है। पिछले वर्ष मंत्री जी दुवारा 866 जोड़ो का सामूहिक विवाह तेंदूखेड़ा मे करवाया गया था और 775 जोड़ो का विवाह नोहटा मे हुआ था, लेकिन इस वर्ष जो सामूहिक विवाह आयोजन है, वह जिले का नही बल्कि पूरे प्रदेश से बड़ा आयोजन होने जा रहा है, जिसमें सभी सहयोग करे।

## अजबधाम में हुआ उपनयन संस्कार





**हटा।** अजबधाम फतेहपुर स्थित देव श्री रामकौमार सरकार मंदिर में गुरुवार को उपनयन संस्कार का आयोजन हुआ, अनंत विभूषित जै जै सरकार की सूक्ष्म उपस्थिति में महंत रामानुग्रह दास महाराज के निर्देशन में पुरोहितों द्वारा 62 बालकों का यज्ञोपवीत विधि विधान के साथ संपन्न कराया गया जिसमें वैदिक मंत्रोचार के साथ जनेऊ धारण के अलावा अन्य कार्य पूर्ण हुए हैं इस दौरान उपनयन संस्कार में शामिल होने वाले बच्चों के परिजनों,अजब श्री शिष्य मंडल के कार्यकर्ता जनों और ग्रामीण लोगों की उपस्थिति रही है।

# एक करोड़ का स्टेडियम: इसमें है जानवरों का बसेरा, सिर्फ कचरा और गंदगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

करीब एक करोड़ कर खर्च कर पैवेलियन बनाया, बाउंड्रीवाल तैयार की। लेकिन बीते आठ सालों में यहां उबड़-खाबड़ मैदान है। पैवेलियन भी खंडहर होने लगा है। खेल सुविधाएं तो यहां दूर की कौड़ी है। कुछ यही तस्वीर है कि बनवार में आठ साल पूर्व बने मिनी स्टेडियम की, जिसमें आठ साल बाद भी खिलाड़ियों को खेल सुविधा मिलना तो दूर, देख-रेख के अभाव में दिनों दिन बदहाल होता जा रहा है। लंबी मांग और संघर्ष के बाद विधानसभा जबेरा के बनवार में इकलौता खिलाड़ियों के विकास के लिए करीब एक करोड़ की लागत से स्टेडियम तैयार कराया गया था।लेकिन अभी तक भी इसका लाभ खिलाड़ियों को नहीं मिल रहा है। सिर्फ एक विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट छोड़ दिया जाए तो यहां पर कोई भी बड़ी खेल स्पर्धा आयोजित नहीं की गई है पैवेलियन मुख्य द्वार और बाउंड्रीवॉल बनाई और खेल विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया। लेकिन आठ साल बाद भी न तो स्टेडियम का उद्घाटन हो पाया और न ही मैदान का समतलीकरण कराया गया है। वर्तमान में स्टेडियम में उबड़-खाबड़ मैदान के बीच यहां वहां उगी कटीली झाडियां परेशानी का सबब बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर स्टेडियम की बाउंड्रीवॉल जहां जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होने लगी है, वहीं पैवेलियन और मुख्य द्वार भी बदहाल है। स्थिति यह है कि पैवेलियन के खिडक़ी-दरवाजे टूट चुके हैं, तो पूरे फर्श पर गंदगी पसरी हुई है। वहीं गेट और बिजली के बोर्ड तक अब गायब हो चुके हैं। बता दें खेल व युवक कल्याण विभाग का स्टेडियम बनाया गया लेकिन हैंडओवर तक विभाग के द्वारा नहीं लिया गया। मजबूरी में आरइएस के द्वारा निर्माण के ६ माह बीतने के वाद हायर सेकंडरी स्कूल बनवार को स्टेडियम हैंडओवर करना पड़ा। जिसके नतीजन स्टेडियम की हालत बिना खिलाड़ियों के अभ्यास किए



बिना खस्ताहाल हो गई है। प्रशानिक उपेक्षा शिकार लाखों रुपए की लागत से बना। यह स्टेडियम खंडहर में धीर-धीरे तब्दील होता जा रहा है। स्टेडियम लगे लोहे के खिड़की दरवाजे वॉस वेशन नल सहित सैप्टिक टैंक का ढक्कन तक गयाब होते चले जा रहे है अब तो मवेशियों का कांजी हाउस बन गया है क्योंकि करोड़ की लागत से बना खेल स्टेडियम का कोई धनिधोरी नही खेल एवं विभाग कल्याण विभाग के अधिकारी बताते हैं स्टेडियम शिक्षा विभाग के अंदर में है वहीं शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है यह हमारे अंदर में नहीं आता। खेल एवं युवा कल्याण जिलाधिकारी सैफुल्लाह खान का कहना है बनवार खेल स्टेडियम हमारे अधीनस्थ नहीं है पंचायत के अधीनस्थ होगा ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के द्वारा बनाए गए हर विधानसभा खेल स्टेडियम खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधीनस्थ नहीं है।

# भक्तिभाव से मनाया आचार्य श्री विद्यासागर जी का मुनि दीक्षा दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

आचार्य गुरुवर श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज का 57वा दीक्षा दिवस एवं आर्यकाओं का 33 व दीक्षा दिवस जैन धर्मशाला दमोह मैं मुनि श्री प्रयोग सागर जी एवं मुनि श्री सुब्रत सागर जी महाराज एवं आर्यका श्री मृदुमती माताजी और आर्यका अपूर्वमति के ससंग मंगल सानिध्य धूमधाम से मनाया गया। जैन धर्मशाला में प्रातः काल श्रीजी के अभिषेक एवं शांतिधारा उपरांत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की संगीतमय मंगल पूजन की गई मुनि श्री को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य कुंडलपुर क्षेत्र कॉमेटी के पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंघइ एवं नेमचंद बजाज परिवार के अलावा अनेक लोगों ने प्राप्त किया इस मौके पर दिगंबर जैन पंचायत एवं अन्य संस्थाओं के द्वारा मुनि संघ को 57 श्रीफल अर्पित कर चातुर्मास का निवेदन किया गया। इस अवसर पर आर्यका अपूर्वमती माताजी ने अपने मंगल प्रवचन में कहा की आचार्य श्री वर्तमान में वर्धमान के रूप में हम सबके लिए आस्था के केंद्र हे उनसे हमने न सिर्फ ज्ञान वत्सल पाया वरन उन्होंने हमें अनुशासन का पाठ पड़ाकर मोक्ष मार्ग दिखलाया। आर्यका श्री अनुतरमती माताजी एवं अनुपम मति माताजी ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि जिस तरह हिमालय की ऊंचाई और चंदन की खुशबू को साबित नहीं करना होता। इस तरह हमारे आध्यात्मिक गुरु आचार्य श्री को पहचान की आवश्यकता नहीं है आचार्य श्री संसार में थे किंतु संसार उनके अंदर नहीं था हमारी भावना है कि ऐसे महान गुरु से अगले भव में मुनि दीक्षा पकर अपने जीवन का कल्याण करें। आर्यका मृदुमती माताजी ने कहा की गुरु के उपकार को कभी नहीं भूलाया जा सकता आचार्य श्री ने बिंदु के बराबर लिया और हम सबको सिंधु के बराबर लौटा दिया है गुरु के गुणगान को गाने के लिए यह जीवन बहुत छोटा है। सभा के अंत में मुनि श्री प्रयोग सागर जी महाराज ने अपने संक्षिप्त प्रवचन में कहा कि जैन धर्म में संयम का विशेष महत्व है । गुरु का निमित्त पकर हजारों लाखों लोगों ने अपनी आत्मा का कल्याण कर लिया। दीक्षा दिवस बनाना सरल है किंतु गुरु के उपदेश को अपना कर अपने जीवन को उत्कृष्ट बनाना कठिन है। गुरुदेव ने बुंदेलखंड में धर्म की प्रभावना की और अपने ज्ञान से नहीं बल्कि अपनी चर्य से सभी को धर्म का मार्ग प्रशस्त किया। निग्रंथ साधु का जीवन समझना है तो स्वयं कोसाधू बनना पड़ता है आचार्य महाराज का जीवन हमें हर कदम पर प्रेरणा देता है । उनका जीवन एक धर्म का दीपक था जिससे हजारों दीपक धर्म के मार्ग पर जल उठे एक दीप से लाखों दीप जल उठे उनके बताएं मार्ग और संस्कारों से हमें अपने जीवन को उत्कृष्ट बनाना है।

### आचार्य भगवन ने हर किसी को दिल खोल कर दिया है: आर्यिका श्री

**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र ,जैन तीर्थ कुंडलपुर में विश्व वंदनीय युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 57 वां मुनि दीक्षा दिवस एवं आर्यिकारत्न मां श्री आदर्शमति माताजी का 33वां दीक्षा दिवस ,आर्यिकारत्न श्री आदर्शमति माता जीके ससंघ सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः भक्तांमर महामंडल विधान, आचार्य छत्तीसी महामंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन हुई। 57 दीपों से आचार्य श्री की महा आरती की गई ।इस अवसर पर आर्यिकारत्न श्री आदर्शमति माताजी ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा आज के दिन ही आचार्य विद्यासागर युग का सृजन हुआ था। विद्यासागर युग का सृजन करने वाले गुरु नाम गुरु श्री आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज, सृजन मतलब दीक्षा ,दीक्षा का मतलब संकल्प ।अषाढ़ सुदी पंचमी को सन 1968 में ब्रह्मचारी विद्याधर मुनि विद्यासागर जी बन गए थे गुरु नाम गुरु ज्ञानसागर जी महाराज जी इनको बनाने वाले और समयसार जैसे महान ग्रंथ को जीवंत बनाने वाले ,मूलाचार ग्रंथ को जीवंत बनाने वाले युगदृष्टा गुरु नाम गुरु ज्ञानसागर जी महाराज थे ।आज आचार्य भगवन का 57 वां दीक्षा समारोह है।सब कुछ है लेकिन सब कुछ नहीं भी है जिसके लिए जिसके द्वारा यह धरती फूल रही थी फल रही थी धरती में धर्म पल्लवित हो रहा था ।वो आज कहीं भी नहीं है यहां परंतु फिर भी हम कैसे भूल सकते हैं हमें भूलना भी नहीं है। आज भी आचार्य श्री जी हर दिल में विचरण कर रहे हैं किसी ने कहा है पत्थर कट सकता है कागज फट सकता है कागज पर लिखा नाम कट सकता है पत्थर पर लिखा नाम कट सकता है लेकिन जिसके हृदय में आचार्य श्री का नाम लिखा है वह किसी भी भव में कभी नहीं मिट सकता है ।वह ऐसे ही थे वह ऐसे ही इस धरती में रहे वह कभी किसी को बोझ नहीं बने वह कभी किसी को भारी नहीं बने बल्कि वह जहां भी विचरण करते थे वहां की धरती फलीभूत हो जाती थी वहां की धरती प्रसन्नता से भर जाती थी। ऐसे परम पूज्य आचार्य भगवन हम सभी के लिए बड़े बाबा के दरबार में बहुत विशेष रूप से याद आ रहे हैं ।वैसे तो लगभग पांच माह पूरे होने को हैं ।आचार्य भगवन हम सबको छोड़कर चले गए ।हमें वह दृश्य याद आ रहा है जब राम को कैकई ने 14 वर्ष का वनवास दिया। राम जब अयोध्या छोड़कर जा रहे थे तो अयोध्या वासियों ने राम को रोकने की कोशिश की राम नहीं रुके उनके साथ-साथ पहुंचे लोग सरयू तट के पास उन्होंने रात्रि व्यतीत की रात्रि व्यतीत की तो वह ब्रह्म मुहूर्त में ही सबको सोता छोड़ कर चले गए ।ऐसे ही आचार्य श्री सबके दिल में वास करते थे सब की आंखों में विचरण करते थे सबके मन में छाए थे ।सब सोचते थे अब आचार्य श्री का दीक्षा दिवस मनाने कहां जाएंगे आज हर किसी का मन कहां जाए आचार्य श्री को कहां खोजें आचार्य श्री हमें कहां मिलेंगे ।हमने सोचा बड़े बाबा के दरबार में आचार्य श्री मिलेंगे ।क्योंकि आचार्य श्री के 25 वें रजत महोत्सव पर हमें भी आचार्य श्री के कर कमल से पांच महाव्रत को धारण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। 32 वर्ष व्यतीत हुए 32 वर्षों में ना आचार्य श्री का सानिध्य मिला 33वें वर्ष में प्रवेश करते हुए बड़े बाबा तो मिले हैं लेकिन आचार्य श्री नहीं मिले। आचार्य श्री ने हर किसी को दिल खोल कर दिया है।

### खाद्य लाइसेंस सात दिन के लिए निलंबित

**दमोह।** प्रभारी कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी दमोह माधवी बुधौलिया ने हटा नगर में नवोदय वार्ड, अंबेडकर भवन के सामने स्थित श्री भाटिया किराना एंड जनरल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया। उक्त फुटकर किराना दुकान से ग्राहकों को एक्सपायरी डेट/बेस्ट बिफोर डेट के बाद की खाद्य सामग्री को बेचने की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए श्री भाटिया किराना एंड जनरल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें मौके पर किराना दुकान में एक्सपायरी डेट/बेस्ट बिफोर डेट के बाद की की लगभग 35,000 रुपए बाजार मूल्य की खाद्य सामग्री जिसमें अचार, चायपत्ती, धनिया पाउडर, मिर्ची पाउडर, हल्दी पाउडर, पोहा, बिस्किट, टोस्ट, फ्रूट केक सहित अन्य किराना खाद्य सामग्री संग्रहित पाई गई, जिसे नियमानुसार जब्त किया गया है एवं मौके पर विनष्टीकरण किया गया। उक्त किराना दुकान में एक्सपायरी डेट/बेस्ट बिफोर डेट के बाद की खाद्य सामग्री पाए जाने पर खाद्य लाइसेंस रजिस्ट्रेशन सात दिन के लिए निलंबित कर दिया है। उक्त किराना दुकान में संग्रहित मेथी दाना, खड़ा धनिया एवं मटर के नमूनें जांच हेतु लिए गए, जिनको गुणवत्ता परीक्षण हेतु एक्सीलेंट बायो रिसर्च लैब भेजा गया है।

### बारिश में भी जल सप्लाई ठप्प

#### 10 दिनों से नही घरों में पहुंच पा रहा पानी

**पथरिया।** कहने के लिए पथरिया क्षेत्र से विधायक मंत्री हैं पर नगर में जल समस्या को लेकर शासन प्रशासन कितना सक्रिय हैं। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिला प्रशासन द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त किए उसके बाद भी कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। हर बार कोई ना कोई बहाना रहता जनता की समस्या से कोई सरोकार नही सप्ताह में एक दिन घरों में पानी पहुंच रहा है। ऐसे में भीषण गर्मी में आम आदमी को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों को कोई दिक्कत नही उन्हें तो नगर परिषद टेंकर से पहुंचा देती है जिससे उनको मालूम नही कि नगर में जल समस्या है। वही अधिकारी की बात करें तो सभी जिम्मेदार जिला मुख्यालय पर निवास करते हैं तो उन्हें भी कोई जानकारी नही है ऐसे अकेले जनता को दिक्कत है तो उसकी समस्या में आश्वासन दिया जाता है बस अब सुधार होगा और ऐसे ऐसे में समय निकलता जा रहा है।